Padma Shri



Prof. Alka Kriplani

Prof. Alka Kriplani is is a distinguished Gynaecologist and eminent teacher in the specialty. She is Professor & Head, Director in-charge WHO-CCR, HRRC & Family Planning in the Department of Obstetrics & Gynaecology, All India Institute of Medical Sciences, New Delhi.

2. Born on August 25, 1955, Prof. Kriplani had a brilliant undergraduate career receiving MBBS degree with 5 gold medals in 1977, and MD degree in 1981 from Pt. JNM Medical College Raipur. She joined as Assistant Professor at AIIMS in 1988, rose to Professorship in 1998, and is working as Head of the Department since 2012.

3. Prof. Kriplani established operative Gynaecological endoscopy at AIIMS, New Delhi and is regularly running endoscopy training programme to teach endoscopic surgery to doctors in the specialty from all over India and abroad. She has the privilege of organising 84 National /International conferences and teaching workshops, including endoscopy training courses. She has the honour of delivering 651 guest lectures including 36 orations at various National & International scientific forums. She has contributed 338 scientific publications and 369 Abstract Publications in National and International journals. She is author of 3 Books and has contributed 63 Chapters in other books.

4. Prof. Kriplani occupies official positions in various associations including President FOGSI (Federation of Obstetricians & Gynaecologists of India) 2016, President GESI (Gynaecological Endocrine Society of India) 2011 - continuing, President DGES (Delhi Gynaecological Endoscopic Society) 2014-2016, President AOGD (Association of Obstetricians & Gynaecologists of Delhi) 2013- 14, Vice President FOGSI 2009, elected member of Governing Council of ICOG (Indian College of Obstetricians & Gynaecologists) since 2008. She is the Editor of "Asian Journal of Obstetrics & Gynaecology practice" for more than one decade and National Corresponding Editor of Journal of Obst & Gynae India since 2014. Besides she is on the editorial board of 8 National/ International Journals.

5. Prof. Kriplani is the recipient of Dr. B. C. Roy National Award 2007, Honorary FRCOG degree awarded by Royal College of Obstetricians & Gynaecologists, London; DMA Medical Teacher's Award 2005, DMA Chikitsa Ratan Award 2014 and IMA Medachievers.com Award 2014, Rashtriya Gaurav Award 2007, Women of the Year Award 2010 by Delhi Gynaecologists Forum/WOW India in Health, and Medgate Best Gynaecologist of Delhi/NCR 2014 Award. She is also the recipient of many awards for outstanding clinical research work including Bayer Schering APCOC Talents Encouragement Award (Asia-Pacific Council on Contraception 2008), Dr. N. Agarwal Gold Medal (AOGD 1999), and many research awards by FOGSI including C. L. Jhdveri award, Jagadishwari Mishra award (2006) and Dr. Nimish Shelat Research Prize in Reproductive Endocrinology (2010).



प्रो. अलका कृपलानी

प्रो. अलका कृपलानी एक लब्ध-प्रतिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ और विशेषज्ञता–विषय की उत्कृष्ट अध्यापिका हैं। आप अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में प्रोफेसर एवं अध्यक्ष के साथ-साथ डब्ल्यू एच ओ–सी सी आर, एच आर आर सी तथा परिवार नियोजन की प्रभारी-निदेशक हैं।

2. आपका जन्म 25 अगस्त, 1955 को हुआ। आपका स्नातक-पूर्व कैरियर प्रतिभाशाली रहा तथा वर्ष 1977 में आपने 5 स्वर्ण पदकों के साथ एम बी बी एस की उपाधि प्राप्त की और वर्ष 1981 में पंडित जवाहरलाल नेहरु (जे एन एम) मेडिकल कॉलेज, रायपुर से एम डी की उपाधि प्राप्त की। आपने वर्ष 1988 में, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य करना शुरू किया और वर्ष 1998 में प्रोफेसर के पद तक पहुंची तथा वर्ष 2012 से विभागाध्यक्ष के रुप में कार्यरत हैं।

3. आपने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में ऑपरेटिव गाइनिकोलोजिकल एन्डोस्कोपी की स्थापना की और पूरे भारत एवं विदेश से आए डॉक्टरों का स्पेशियलिटी में एन्डोस्कोपी-शल्यचिकित्सा पढ़ाने हेतु आप नियमित रुप से एन्डोस्कोपी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाती हैं। आपको 84 राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों तथा एन्डोस्कोपी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों सहित अध्यापन कार्यशालाओं के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त है। आपको विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मंचों पर 36 सम्भाषणों सहित 651 अतिथि-व्याखान देने का भी सम्मान प्राप्त है। आपने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 338 वैज्ञानिक प्रकाशनों और 369 दुर्बोध प्रकाशनों के रुप में योगदान किया है। आपने 3 पुस्तकों का तथा अन्य कई पुस्तकों के 63 अध्यायों का लेखन भी किया है।

4. आप एफ ओ जी एस आई (फेडरेशन ऑव ऑबस्टेट्रिसियंस एंड गाइनेकोलोजिस्ट्स ऑव इंडिया) 2016, जी ई एस आई (गाइनेकोलोजिकल एण्डोक्राइन सोसायटी ऑव इंडिया) 2011; ए ओ जी डी (एसोसिएशन ऑव ऑबस्टेट्रिसियंस एंड गाइनेकोलोजिस्ट्स ऑव दिल्ली) 2013-14, की अध्यक्ष और एफ ओ जी एस आई-2009, की उपाध्यक्ष एवं वर्ष 2008 से आई सी ओ जी (इंडियन कॉलेज ऑव ऑबस्टेट्रिसियंस एंड गाइनेकोलोजिस्ट्स) के शासकीय परिषद की चयनित सदस्य होने के साथ-साथ विभिन्न एसोसिएशनों के अधिकारिक पदों पर विराजमान हैं। आप एक दशक से भी अधिक समय से "एशियन जर्नल ऑव ऑब्रस्टेट्रिक्स एंड गाइनेकोलोजी प्रैक्टिस" की सम्पादक तथा वर्ष 2014 से जर्नल ऑव ऑब्रस्टेट्रिक्स एंड गाइनेकोलोजी इंडिया की राष्ट्रीय पत्र व्यवहारी सम्पादक हैं। इसके अलावा, आप 8 राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय जर्नलों के सम्पादकीय बोर्ड में भी शामिल हैं।

5. आपको डा. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार, 2007; रॉयल कॉलेज ऑव ओबस्टेट्रिसियंस एंड गाइनेकोलोजिस्ट्स, लंदन द्वारा प्रदत्त मानद एफ आर सी ओ जी की उपाधि; डी एम ए मेडिकल टीचर्स अवार्ड, 2005; डी एम ए चिकित्सा रत्न पुरस्कार, 2014 तथा आई एम ए मेडएचीवर्स.कॉम पुरस्कार, 2014; राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार, 2007; स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली गाइनेकोलोजिस्ट्स फोरम/डब्ल्यू ओ डब्ल्यू इंडिया द्वारा वूमन ऑव द ईयर अवार्ड, 2010 तथा दिल्ली/एन सी आर की मेडगेट सर्वोत्तम गाइनेकोलोजिस्ट पुरस्कार, 2014 से नवाजा गया है। आपको बेयर शेरिंग 'एपकॉक' टैलेंट्स एनकरेजमेंट अवार्ड (एशिया पैसिफिक काउंसिल ऑन कॉन्ट्रासेप्शन 2008) ; डा. एन. अग्रवाल स्वर्ण पदक (ए ओ जी डी 1999) तथा सी एल झावेरी पुरस्कार; जगदीश्वरी मिश्रा पुरस्कार (2006) और रिप्रोडक्टिव इन्डोक्राइनोलोजी में डा. निमिष शेलाट अनुसंधान पुरस्कार (2010) सहित एफ ओ जी एस आई द्वारा प्रदत्त कई एक अनुसंधान पुरस्कारों के साथ-साथ उत्कृष्ट नैदानिक अनुसंधान कार्यों के लिए भी अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया है।